प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षणिक सत्र 2024–25 का किया शुभारंभ : कहा– चरणबद्ध तरीके से होगा आवासीय विद्यालयों का विस्तार।
2. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने सेमिकॉन इंडिया 2024 के दूसरे दिन कहा– भारत में निवेश को सफल बनाने के हैं पर्याप्त संसाधन।
3. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के विस्तार को दी मंजूरी। इससे प्रदेश के सत्तर वर्ष से अधिक आयु के छः करोड़ वरिष्ठ नागरिक होंगे लाभान्वित।

और

4. प्रदेश के अधिकांश जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : मथुरा, एटा, जालौन और फर्रुखाबाद में तेज बारिश के कारण आज बंद रहे स्कूल।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षणिक सत्र 2024–25 का शुभारंभ किया। साथ ही, मेधावी छात्रों को पुरस्कार और छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से आवासीय

विद्यालयों का विस्तार किया जाएगा। अभी 18 विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में ऐसे ही विद्यालय खोले जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। बाइट.....

*अगले सत्र के लिये हम लोगों ने अभी से बेसिक शिक्षा परिषद को विद्यालयों को पैसा दे दिया है। 57 अन्य जनपदों में विद्यालय खुलने जा रहे है। सीएम कम्पोजिट विद्यालय के रूप में स्थापित करने जा रहे है और तीसरे चरण में इसे हम लेकर जायेंगे। प्रदेश की सभी तहसीलों में एक–एक विद्यालय बनाने के लिये साढ़े तीन सौ तहसीलों, उनमें एक–एक विद्यालय बनेगा चौथे चरण में 825 विकासखंडों में सरकार के ये विद्यालय बनेंगे और याद करना जब 825 विकासखंडों में इस प्रकार के विद्यालय बनेंगे किसी भी गरीब का बच्चा फिर शिक्षा से वंचित नहीं रहने पायेगा।*

——————————

गौतम बुध नगर में चल रहे तीन दिवसीय सेमिकॉन इंडिया 2024 के दूसरे दिन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने सत्र को संबोधित किया। श्री कृष्णन ने कहा कि देश के अंदर डिजाइन स्पेस में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। भारत में वैश्विक मानकों और मानदंडों को पूरा करने की क्षमता है। ऐसे में उद्योग जगत की जिम्मेदारी है कि वह भारत के युवाओं की प्रतिभा के लिए सही अवसर पैदा करे। उन्होंने कहा कि भारत मानव संसाधनों का एक विशाल भंडार है। यहां निवेश को सफल बनाने के पर्याप्त संसाधन

हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस कार्यक्रम की पुष्टि और समर्थन कर रही है, इसकी क्षमता और निवेश मूल्य को स्वीकार कर रही है। अगले पांच से दस वर्षों में कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है। सेमिकॉन इंडिया के दूसरे दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों में एक्सपटर्स ने अपने विचार रखे। आईआईटी कानपुर के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. सिद्धार्थ पांडा ने एक सत्र में कहा कि भारत के लिए यह सही समय है और भारत को इस अवसर का लाभ उठाते हुए हाइब्रिड इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए बाजार बनाना चाहिए।

एक अन्य सत्र में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ डॉ. रणधीर ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार और इंडियन स्कूल ऑफ माइंस जैसे संस्थान सेमीकंडक्टर में देश की क्षमताओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनते जा रहे हैं, सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ती जा रही है। सत्र में शामिल हुए अप्लाइड मैटरियल्स के प्रसाद माधव बटला ने बताया कि आज डिस्प्ले कॉन्फ्रेंस में डिस्प्ले से जुड़े नये ट्रेंड और नवाचारों पर बात की गई। बाइट....

———————

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज देने को मंजूरी दे दी

है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी।

*प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि 70 वर्ष की आयु के ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजन के दायरे में लाया जाएगा और 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग जो चाहे वो गरीब हो, चाहे माध्यम वर्ग के हो, चाहे उच्च–मध्यम वर्ग के हो, ये नया दायरा होगा, जिनको पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी और इससे देश में करीब साढे चार करोड फैमिली, जिसमें करीब छह करोड सीनियर सिटीजन्स कवर होंगे।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सत्तर वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना का कवरेज प्रदान करने के केन्द्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया है।

————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अयोध्या में किसानों की जमीन सस्ते दामों पर खरीदे जाने के सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा है कि पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी। बाइट.......

*हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है कि अपराध और भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनायेंगे, जांच होगी कोई भी व्यक्ति बचेगा नहीं, यह हमारी जिम्मेदारी है।*

प्रदेश में एनकाउंटर पर सपा के आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने कहाकि जब कभी कोई एनकाउंटर होता है तो मजिस्ट्रेटियल जांच होती है। समाजवादी पार्टी के लोग जनता को गुमराह करना चाहते हैं। इससे पहले समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में आज एक

प्रेसवार्ता में अयोध्या में किसानों की जमीनों को सस्ते दामों पर खरीदकर सर्किल रेट बढ़ाने का आरोप बीजेपी पर लगाया था।

अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में 13 हजार एकड़ से ज्यादा की भूमि सेना के युद्धाभ्यास के लिए आरक्षित थी उसे भी डिनोटिफाई करके सस्ते दामों पर बेचा गया।

———————

सुल्तानपुर में डकैती के आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर पर उठ सवालों को लेकर आज डीजीपी प्रशांत कुमार ने पूरी कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मामले में सारी कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से हुई है। एनकाउंटर के मजिस्ट्रेरियल जांच के आदेश भी दिए गए हैं, जो आरोप लगाए जा रहे हैं, वो गलत हैं। डीजीपी ने कहा कि जाति धर्म देखकर कार्रवाई नहीं होती हैं।

———————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटों में सर्वाधिक 141 मिलीमीटर बारिश झांसी में दर्ज की गई है। इसके अलावा इटावा में 122 मिलीमीटर और बुलंदशहर में 110 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। राजधानी लखनऊ समेत हापुड़, बदायूं, अलोगढ़, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, फर्रूखाबाद, बलरामपुर और कई अन्य जनपदों में भारी बारिश स लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुरी में भारी बारिश के कारण मकान गिरने से चार लोगों की मौत हो गयी हैं, जबकि मथुरा, एटा, जालौन और फर्रुखाबाद में तेज बारिश के कारण आज कक्षा 12वीं तक के स्कूल बंद रह। लखनऊ मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में कल भी बारिश की संभावना बनी रहेगी। विभाग की ओर से मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, बरेली और पीलीभीत के लिये बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बाइट......

*कल पूरे प्रदेश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश वहां पर अधिक बारिश हुई। आगरा में 172 मिलीमीटर, झांसी में 141 एमएम हुई और इसी तरके से बदायूं में 119 एमएम हुई और इस तरीके से अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश मिला और कल के लिये रेड अलर्ट भी किया गया था। वेस्ट यूपी में अगर हम आने वाले बात करे तो आज के लिये भी वेस्ट यूपी में रेड अलर्ट है तो वहीं ईस्ट यूपी में ऑरेंज अलर्ट है। कल की बात करे तो कल के लिये जो वेस्ट यूपी है वहां ऑरेंज अलर्ट है, जो हमारा बरेली हुआ, रामपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच जो तराई क्षेत्र वहां पर भारी बारिश की संभावना है।*

—————————

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने समिति की बैठक के बाद कहा कि मंदिर के प्रथम तल का 90 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि 2025 की पहली तिमाही तक मंदिर के प्रथम और द्वितीय तल के निर्माण के साथ राम दरबार की स्थापना का काम पूरा हो जाएगा।

(समाप्त)